स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 24.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त महोदय ने एक ही दिन में की दुसरी बड़ी कार्यवाही
तीन कर्मचारियों को किया सेवा से बर्खाश्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुन्दरानी ने आज जोन 01 के अंतर्गत सुपेला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जितने भी डेंगू नियंत्रण में लगे स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित हैं या नहीं उनके संबंध में निरीक्षण करने उपरान्त तीन कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ निगमायुक्त ने सेवा से पृथक करने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं यह कर्मचारी निष्ठा ऐप में भी अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा पाये व डेंगू के प्रति जागरुकता वह अपने कार्य के प्रति सजग नहीं रहें।

पूर्व में भी आयुक्त महोदय द्वारा निष्ठा ऐप का निरीक्षण कर एक कर्मचारी जो कि उपस्थित है और कार्य पर लगे हुए हैं ऐसे लोगों को उनके कार्यस्थल पर जाकर आयुक्त महोदय द्वारा स्वयं निरीक्षण किया जाता रहा है पूर्व में भी उन्होने अनुपस्थित कर्मचारियों को सक्त हिदायत दी थी व लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की भी चेतावनी दी भी थी। परन्तु इसे अनदेखा करते हुए आज तीन कर्मचारी तुलसी पिता गेंदलाल, विश्वमित्र पिता राजू, गरीब राम पिता रामरतन को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक करने के आदेश दिये साथ ही सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जो कि डेंगू नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहें हैं। उन्हे अपने कार्य पर उपस्थित रहकर सही तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये जा चुके हैं आयुक्त महोदय ने बताया कि किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे कर्मचारी जो कि लापरवाही करेंगे उनके खिलाफ भविष्य में इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।

जहां से डेंगू के नये मरीज मिल रहें हैं वैसे जगहों को पुरी तरह से सील करने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिये गये हैं। ताकि डेंगू के नये मरीज प्राप्त न हो, साथ ही भविष्य में अचानक और औचक निरीक्षण के दौरान इस प्रकार की लापरवाही दिखने पर कार्यवाही की जावेगी।

जन सम्पर्क अधिकारी